पप्पू परिहार की शेर-ओ-शायरी

--- पप्पू परिहार "बुण्देलखण्डी"

पप्पू परिहार की शेर-ओ-शायरी

--- पप्पू परिहार “बुण्देलखण्डी”

पप्पू परिहार की शेर-ओ-शायरी

- पप्पू परिहार “बुण्देलखण्डी”

प्रथम संस्करण – 16 नवंबर 2011, बुधवार
द्वितीय संस्करण – 17 फरवरी 2021, बुधवार

क्यूँ याद किसी की दिलाते हो,
जिंदगी को ग़मों से रुलाते हो,
मोहब्बत हमने भी की हो,
क्यूँ रूह हमारी जलाते हो,

....

हवाएं कुछ यूँ से चल रहीं हैं,
घाटियाँ कुछ यूँ महक रहीं हैं,
चिड़ियाँ कुछ यूँ चहक रही हैं,
कामनाएं कुछ यूँ बहक रही हैं,

....

नज़रें हैं यह दिल है,
यह दिल की उल्फत है,
काबू में न रहीं किसी के,
हमारी क्या जुल्फत है,

....

ये नज़रों के तीर,
किसे नजराने में पेश कर रही हो,
हमें लगा तुम हमें,
बस हमें देख रही हो,
....

यह जुल्फें यह आँखें यह मुस्कराहट
यह खिला-खिला चेहरा,
यह नाजों नक्श जो देख ले एक बार
वह हो जाये तुम्हारा,

....

यह मासूम निगाहें,
यह कातिल अदा,
यह लहराती जुल्फें,
यह कपकपाते होंठ,

....

ये मासूमियत ये नजाकत,
ये नज़र ये इनायत,
हुश्न का जाल,
तुम्हारी मुस्कान तुम्हारी नज़र,

....

हुस्न का जलवा, तुमने बिखेरा है,
याद नहीं कहाँ, अपना बसेरा है,
अब डालें कहाँ, अपना डेरा है,
तुम्हारे दिल में अब बसेरा है,

....

ये लहराती जुल्फें,
ये खिलखिलाती हंसी,
ये मस्मस्त निगाहें,
ये अल्हड हंसी,

....

यह तन्हाईयाँ,
यह यादों में किसी की खोई हूँ,
जागी न सोई हूँ,
बस यादों में किसी की खोई हूँ,

....

उफ़ ये अदा, हो गए जिस पर फ़िदा,
न रहा गुमान, न रहा इमान,
ये जुल्फें ये नजरें ये होंठ ये अदा,
ये चेहरा या खुदा या खुदा या खुदा,

....

आरजू तो न थी कि तुम दुबारा मिल जाओगे,
जमाने भर के डर से इस तरह निकल आओगे,
अब मुझे भी तो तुम्हारा साथ देना होगा,
नहीं तो यह ज़माना मुझे बेवफा कहेगा,

....

रहबरे रक्स की नुमाइश न कर,
मोहब्बते इश्क में मिटकर,
क्यूँकर तन्हा हुई है इस तरह,
साफे फक्श में रूबरू इस तरह,

....

जन्नतें खुदा की मिलती होंगी,
किसी खुशनसीब को,
हमें तो बस यह जहान मिल जाए,
इस बदनसीब को,

....

गुल नहीं खिला तो,
कलि का क्या कसूर है,
रुत नहीं आयी तो,
मौसम का क्या कसूर है,

....

रक्खा है हुस्न ज़माने की नज़र बचाकर.
बस देख ले जरा सी नज़र उठाकर,
अंजुमन मेरा कह रहा है,
तू बस मेरा है मेरा है मेरा है,

....

रबे दिल का अरमान मैं रोक न पाया,
तुझसे प्यार किया प्यार का इज़हार रोक न पाया,
इनकार तेरा आया मैं सहन कर न पाया,
दहलीज़ पर खड़ा तेरी दुबारा इज़हार करने आया,

....

नस्तर न चला दिल पर मेरे,
रहम कर तो जरा,
दिल की रोशनाई से,
लिख रहा हूँ मुक्कदस तेरा,

....

देख रहें हैं तुमको, रूबरू होना,
अभी तुमसे बाकी है,
प्यार की आरज़ू दिल में रखते है,
अभी तुमसे कहना बाकी है,

....

नज़्म मैं क्या सुनाऊँ,
कोई नजम्दार मिलता नहीं,
बज़्म मैं क्या बजाऊँ,
कोई बज़म्दार मिलता नहीं,
....

तू है पाक साफ़,
जिन्दगी का यह अरमा लिए घूमती है,
तू है अपना हुश्न लिए,
सरे बाज़ार शरमा लिए घूमती है,

....

तेरी मासूमियत को यूँ,
नज़र न लगे किसी की,
तू गुजर जाए रस्ते से,
तेरे पर नज़र न पड़े किसी की,

....

तेरी सफ्श रौशनी में,
नहाया हुआ मंजर है यह,
आखों को सुकून दे कर,
दिल में उतर गया है यह,

....

अक्श में न देख अपने हुस्न को,
तेरे हुस्न को तेरी ही नज़र न लग जाए,
निगाहें बता रहीं रही हैं, तेरे गुरुर को,
तेरा ही गुरुर तुझे न खा जाए,

....

इश्क की इन्तहां इतनी न होती,
तो शायद हर कोई इश्क कर लेता,
इश्क का मज़मून तो पहले समझ,
तो शायद हर कोई इश्क कर लेता,

....

देख न यूँ मुस्कराकर,
जिन्दगी का फ़साना हम भूल जायेंगे,
मासूम मुस्कराहट, दिल में यूँ उतर रही है,
कि हम धड़कना भूल जायेंगे,

....

कितनी मासूम हो तुम,
यह तुम्हें पता नहीं हैं,
इन नज़रों की सफाकत का,
यह तुम्हे पता नहीं है,

....

जिनके लिए तन्हाई में,
कभी दिल मचला करता था,
सुना है वो रहनुमाई किया करते हैं,
किसी और की,

....

मुद्दत से जो न याद आये कभी,
वह क्यूँकर याद आये अभी,
मोहब्बत का फसाना,
बन गया कभी-कभी,

....

याद न दिला उसकी वो सनम,
दे गए हैं जो दिल पर जख्म,
वक्त की दहलीज पर,
खाते हैं अब यह कसम,

....

दर्द में गुजरे हुए लम्हों की बात करेंगे,
वक्त वे वक्त कुछ गुजरे
हुए वक्त की बात करेंगे,
आप आ तो जाओ

....

मातम न मना ओ प्यार मेरे,
देख अभी मैं जिन्दा हूँ,
रुखसत न हुआ अभी जनाजा मेरा,
इंतज़ार है तेरी वफ़ा का मुझे,

....

नूर बख्शा है खुदा ने तुमको,
न तुम इसका गुमान करो,
दाद हम दिया करते हैं,
कुछ हम पर भी निगाह करम करो,

……….

नुमाइश न कर हुस्न की
तुझे इश्क ने पुकारा,
हुआ तुझ पर फ़िदा मैं
ज़माने को है ये नकारा,

……….

अब समझ में आया लड़कियां क्यूँ
इस कदर पैसे की दीवानी हैं,
उनको लगता हैं की,
बिन पैसे इस दुनिया में वे अनजानी हैं,

……….

तेरे दीवानों में, एक मेरा भी नाम लिख ले,
दीवाना हूँ, दीवानगी का परवाना हूँ, चाहे तो परख ले,
कभी मुलाकात की तो, जुस्तजू पूरी होगी नहीं,
हम तो हैं बहुत दूर, और तू बहुत दूर होगी कहीं,

……….

बरबस ये हुश्न है, ये जवानी है,
तू ताकीद न कर, ये रवानी है,
फ़क्त दिल में उतरी, दीवानी है,
आ मौज कर ले, मस्तानी है,

....

न पूछ तुझे किस तरह का
बेपनाह हुश्न मिला है,
तेरी खूबसूरती को लगता,
खुदा का ही हाथ लगा है,

....

अदा ये हुश्न की, देखि जो इस तरह,
फ़िदा हो गए, हुश्न पर सब तरह,
गुमान फिर भी न रहा, अपनी औकात का,
तस्वीर देखकर ही कर ली, तसल्ली तौकात का,

....

तेरा आशिक हूँ,
तेरा दीवाना हूँ,
न समझ मुझे गैर,
तुझ पर मर मिटनेवाला हूँ,

....

कुछ तो प्यार कर,
दिल का इज़हार कर,
इंतजार में खड़े हैं,
थोडा तो इकरार कर,

....

वाह, तेरी सोखी बहुत भाति है,
वाह, तू अदाकारी क्या निभाती है,
वाह, तू हुश्न क्या बरपाती है,
वाह, तू क्या भरमाती है,

....

तेरे बेपनाह हुश्न की तारीफ़ करता हूँ,
तेरे अंदाज़े बयां की तारीफ़ करता हूँ,
तेरी सादगी की तारीफ़ करता हूँ,
तेरी अदायगी की तारीफ़ करता हूँ,

....

ग़ज़ल पेश करने का,
तेरा अन्दाज़ भा गया,
तेरी आवाज़ का,
एक-एक लफ्ज़ समां गया,

....

है प्यार तो कुछ न सोच की दुनिया क्या
कहती है,
नहीं है अगर प्यार तो सुन दुनिया क्या
कहती है,

....

हर पल इस जिन्दगी का, कट जाता है अब,
तेरी यादों के सहारे,
हर लम्हा जी लेता हूँ, वक्त गुज़र जाता है,
तेरी यादों के सहारे,

....

प्यार का इज़हार,
सरेआम न कर,
नज़र लगेगी ज़माने की,
ये काम न कर,

....

बदल जाता है रिश्ता,
कुछ पल की बातों से,
हो जाते हैं,
अपने कुछ पल की मुलाकातों से,

....

यूँ जबाँ खुलती नहीं,
हमेशा तेरे सामने,
पर आज आलम कुछ और,
तू है मेरे सामने,

....

मजार पे मेरी, फूल मोहब्बत के, चड़ा देना,
प्यार किया है मुझसे, एक बार, चली आना,
आंसू न रोना, दिल अपना न खोना,
देखकर कबर मेरी, बिलकुल न रोना,

....

खुदा हसीनों को हुश्न देता है,
तो गुरुर क्यूँ देता है,
पल में कुछ होती है,
पल में कुछ और हो जाती है,

....

वक्त ये बेजार कर दिया,
आलिमे दरकार कर दिया,
मौज़ुये मुरब्बत में,
हलिये मोहब्बत में,

....

वक्त ये फ़साना था,
हालिये जमाना था,
तुफ्र कर गया मोहब्बत की,
एक ये दीवाना था,

....

मोहब्बत तो उससे होती है,
जिससे नज़रें दो चार होती हैं,
जहन में उतर जाता है वो,
मुलाकातों की शुरुवात होती है,

....

बेरहम वक्त जुदा कर देता है,
यादों के सहारे जीना है अब,
इस जिन्दगी का मकसद,
तुझे फिर से अपनाना है तब,

....

यूँ घूर कर जो देखा तुमने,
यूँ ओंठों को चबाया तुमने,
यूँ अपने को सजाया तुमने,
यूँ दिल को हिलाया तुमने,

....

गुरुर है हुश्न का, या फिर तुफ्र है जूनून का,
कभी जिन्दगी में, मिला नहीं सुकून का,
फितरत है तेरी बदल-बदल कर आजमाने की,
अब न कर यह गलती, इसे दुबारा दोहराने की,

....

तुम्हारी नजर क़त्ल करती है,
तुम्हारी मुस्कराहट क़त्ल करती है,
तुम्हारी अदा क़त्ल करती है,
इतनी बड़ी बात पल्ले न पड़ती है,

....

जुदा तो हुआ, पर दिल से जुदा न हुआ,
तेरी धड़कन, मेरी धड़कन का अहसाश एक हुआ,
राहें बिछड़ जाती हैं, मंजिले बदल जाती हैं,
चलते हैं जब जिन्दगी में, तनहायियाँ रह जाती हैं,

....

तू न समझ के
तेरे पीछे वक्त बरबाद किया,
मैंने अपने को न सही,
तुझे तो आबाद किया,

....

नवाजिशें वक्त की

बीत जाती है,
यादें इस जहन में
रह जाती हैं,

....

तवराजू थी, तमन्ना थी,
फितरत थी,
इश्क का इस जहाँ,
तू ही एक मकाँ थी,

....

होश नहीं,
दिल्लगी कर लेता हूँ,
बुरा मान गयी,
दो घडी मिल लेता हूँ,

....

तुर्बत की जिन्दगी है,
मोहब्बत का मकाँ है,
प्यार बस इस जहाँ में,
तेरे सिवाय कहाँ है,

....

आखें मेरी, तेरा आईना है, देख अपनी
तस्वीर इसमें,
पल-पल पलकें भी न झपकेंगी, समाँ
जायेगी इसमें,

....

न समझ की नागवार गुजरी जिन्दगी,
न कुछ मिला है,
वक्त पर मिल जाता है मकाँ,
बस बात इंतज़ार की है,

....

न नाज़ उठा,
न नखरे दिखा,
बस पर्दा उठा,
तेरा हुश्न दिखा,

....
तेरे यूँ देखने से,
तुझपर फ़िदा हो गया,
तेरे बिना रहा नहीं जाता,
ये क्या हो गया,

....

आय हाय,
इस तरह से अगर तू हंस देगी,
खुदा कसम,
अपनी तो किस्मत ही खोल देगी,

....

ये शोखियाँ, ये अदाएं,
ये मुरब्बत, ये सौदाएं,
मगरिब कि जानिब तो जाएं,
तु बता जिन्दगी कहाँ जाएं,

....

न शक है,
न शुब्ह है,
हमें पता है की,
ये तू ही है,

....

कुछ सुनने, कुछ गुनगुनाने आये हैं,
जिन्दगी में गम बहुत हैं,
गम भुलाने आये हैं,
कुछ सुनने, कुछ गुनगुनाने आये हैं,

....

तेरी मौशिकी में, तेरी बज़्म में,
कुछ नज्म, कुछ ग़ज़ल, पेश करता हूँ,
इस बहाने से, तुझे मोहब्बत का,
पैगाम पेश करता हूँ,

....

ग़ुरबत में तेरी मोहब्बत का,
क्या फ़साना सुनाया,
ओ हसीना तुझे तो आना था,
पर तू न आया,

....

हाल दिल का सुनाया,
तो रो पड़े,
आंसू भी न निकले,
और निकल पड़े दिल से,

....

तू तो बहुत निखर गयी है,
वक्त के साथ-साथ
या खुदा
कितनी सुन्दर हो गयी है,

....

नागवार गुजरी जिन्दगी,
तेरा दीदार न कर पाया,
तुझे तस्वीरों में तो देखा है,
पर अभी सामने न देख पाया,

....

खोयी हो ख्यालों में
तुम हमारे शायद,
अंजुमन तो यही है
तुम्हारे चेहरे का शायद,

....

बजिबे खातून, तुझे ख़त लिखता रहा,
जवाब न तेरा आया, पर मैं लिखता रहा,
स्याह हो गयी जिन्दगी, स्याही से,
तू एक जवाब दे दे, रोशनाई से,

....

आवाज़ की खनक भी पायी है,
बेपनाह हुश्न भी पाया है,
शोखी और अदा भी पायी है,
तुम्हें तो खुदा ने बड़े नाज़ों से बनाया है,

....

शदाकत तेरे हुश्न की,
परवान जबसे चड़ी है,
भूल गया मैं सब कुछ,
तू जबसे सामने खड़ी है,

....

नसाफत की जिन्दगी से मुरब्बत की बात
नहीं होती,
दीदार तो हो जाता है पर तुझसे मुलाकात
नहीं होती,

....

इस लिबास में
तुम खूब फब रही हो,
लगता है
जैसे हमें निहार रही हो,

....

रफत इश्क जब दिल में खिल जाता है,
खुशबू अपने आप सब तरफ फ़ैल जाती है,
लोगों को बताना नहीं पड़ता है,
बात अपने आप पता चल जाती है,

....

सतयुग में विश्वामित्र कि
तपस्या मेनका ने भंग कि,
कलियुग में तपस्या ने
मेरी तपस्या भंग की,

....

नज़रें यूँ मिला कर
झुका लेती हो तुम,
क्यूँ देखकर मुझे
शरमा जाती हो तुम,

....

आवाज़ सुनी है तेरी, जबसे,
भूल गया आलम को, तबसे,
जहाँ में कहूं मैं ये, किससे,
तभी तो कह रहा हूँ, तुझसे,

....

तेरी अदा का तेरी अदाकारी का दीवाना हूँ,
तेरे नाज़ का तेरी नजाकत का दीवाना हूँ,
तेरे हुश्न का तेरी खूबसूरती का दीवाना हूँ,
तेरे शफा का तेरी शराफत का दीवाना हूँ,

....

बदस्तूर तेरा यह जुल्म,
हम सह न सके,
अब तो दीदार करा दे,
तेरे बिना हम रह न सके,

....

हंसी ठिठोली, यह चुलबुलाहट,
देती है, तेरे आने कि आहट,
आस लगा कर बैठें हैं तेरी चौखट,
थाम रहे हैं, अपने दिल कि बौखलाहट,

....

सरे बाज़ार यूँ न चल बे परदा कर
अपने हुश्न को,
देखने वाले बहुत,
और लूटने वाले भी हैं तेरे हुश्न को,

....

अगर वक्त है, तफसील से अपनी कहाँ
सुनाता हूँ,
सुनती जा, तुझे अपनी वफाओं कि बेवफाई
सुनाता हूँ,

....

खुश है जमाना तेरे दीदार से,
क्यूँ तू छिपा रही है अपने हुश्न को,
दुआयें देंगे तुझको, नज़रों से गुज़र जाने दे
ज़माने कि अपने हुश्न को,

....

मुर्बते हुश्न कि
तेरे दायरे से न निकल पायेंगे,
मर जायेंगे, मिट जायेंगे,
तुझे खुश कर जायेंगे,

....

ए हुश्न तुझे किस पर नाज़ है,
तेरी आवाज़ भी लाज़वाब है,
बस प्यार की एक नज़र की दरकार है,
तुझे देखने का अरमा बेक़रार है,

....

तेरी शोखियाँ, ये तेरी नज़रें,
हसिनायों को भी जला देती हैं,
तेरी लटें, ये तेरी हंसी, मु
झको तो एक सुकून दे जाती है,

....

आईना देखा सुबह,
तेरी याद में रात भर सो न सका,
तू दिखी सुबह,
तेरी हालत को बयां न कर सका,

....

बहुत वक्त बीत गया,
तेरा दीदार अभी तक न हुआ,
तू कुछ तो इस तरह से कर,
की मेरी आखों को भी सुकून मिले,

....

अंजुमन में तेरे,
गुल तो बहुत खिले होंगे,
प्यार तू हमसे कर ले,
गुल हम भी खिला सकते हैं,

....

बेपनाह मोहब्बत थी,
बेसुमार प्यार था,
हुआ कुछ इस तरह की,
दिल मिलने को बेक़रार था,

....

चमन में तेरे फूल खिले,
महक मेरे घर तक आयी,
दिल ने तेरे याद किया,
धडकन मेरे दिल तक आयी,

....

हाय यह तेरा नाज़ुक बदन,
आखों की सोखियों का चमन,
लहराती जुल्फों का दामन,
मदमस्त जावानी की उफन,

....

रब यह कैसी नजाकत है,
रब यह कैसी हुश्न परि है,
रब यह कैसी तुफ्लिश है,
रब यह कैसी मोहब्बत है,

....

सौफदाई तेरी आखों की
गुज़र गयी दिल के आर-पार,
बेपनाह हुश्न की मलिका
आवाज़ तो सुना दे एक बार,

....

मंज़र-ए-हुश्न का तू दरिया है,
डूब भी जाऊं तो मेरा फायदा है,
इश्क का भूत चढ़ गया है,
अब तेरे बिना रहा न गया है,

....

तसबुर तेरे हुस्न का माजी समझ न पाया,
क़िबला तेरे आशिक को ये माजरा न आया,
फनास्तुस की जिन्दगी का राज़ कुछ न पाया,
महबूबे हरम में आज में घुस न पाया,

....

आपकी आवाज़ को सुनकर अपने कानो
को सुकून देता हूँ,
आपकी अदावत को देखकर अपने आखों
को सुकून देता हूँ,

....

ये हुश्न, ये नजाकत,
ये मस्ती का समां,
ये दिल, ये अदावत,
ये दिल का मकां,

....

वो दौर गुज़र गया,

वो वक्त गुज़र गया,
तेरे दीदार-ए-आलम का
लम्हा ठहर गया,

....

तारुफ़ हुआ तेरा खुदा से,
यह जानकार दिल को सुकून मिला,
हमको न सही,
किसी और को तो खुदा का नूर मिला,

....

तुझे हुश्न बक्शा खुदा ने
और नजाकत भी दी है,
तेरी आवाज़ भी खुदा ने
तुझे एक तोहफे में दी है,

....

मंज़र-ए-हुश्न का तू दरिया है,
डूब भी जाऊं तो मेरा फायदा है,
इश्क का भूत चढ़ गया है,
अब तेरे बिना रहा न गया है,

....

तुफ्लिसे वक्त की अंजुमन में

न हम इस तरह रुक सके,
फैजाई हो गया मंज़र मक्बूले हुश्न का
इन्तखाब न कर सके,

....

नस्तर उतार दिया दिल में
उसने इस तरह जालिम बनकर,
ख्याल भी न रखा की जिन्दगी का कुछ
सफ़र अभी खड़ा है तनकर,

....

तसबुर तेरे हुस्न का माजी समझ न पाया,
तेरे आशिक को ये माजरा न आया,
जिन्दगी का राज़ कुछ न पाया,
महबूबे हरम में आज में घुस न पाया,

....

किसने कहा,
यूँ हुश्न को बेपरदा कर दो,
रहने दो परदा,
दीवानों को विदा कर दो,

....
रफ्तगुल हुश्न यूँ

बेपर्दा नहीं होता,
गर तू आखों से
पहचानता होता,

....

अब दर्द ही सही,
कुछ तो मिला,
खाली न रहे,
निकाला तो सिला,

....

आफ़ताब हुश्न का
टपकने लगा है,
दरिया अब नूर का
बहने लगा है,

....

शहादत में हुश्न की
बड़े-बड़ों को पाया है,
बगावत में हुश्न की
बड़े-बड़ों को पाया है,

....

सरे बाज़ार हुश्न को

बेपर्दा कर चलोगी,
मजमा लग जाएगा,
महफ़िल सजेगी,

....

ऐसे न दिखाओ हुश्न
यूँ बरबाद ये जहाँ होता है,
तेरे चाहने वालों का
आखिरी हस्र यहाँ होगा है,

....

हुश्न की जुल्फों में
कोई ऐसा न हो जो उलझा न हो,
प्यार के पलों में
कोई ऐसा न हो जो खोया न हो,

....

देखा हुश्न तो, हमको भी सुरूर आ गया,
बीते हुए वक्त का, नगमा याद आ गया,
वक्त पर हम भी फिर, उसी को गा दिए,
उसको सुनकर, वो हमारे संग चल दिए,

....
बस अब बेबसी थी,

उसके दिल में न हंसी थी,
रो वो न सकी थी,
उसकी आखों में नमीं थी,

....

जो वक्त गुज़रा,
बेहद रंगीन गुज़रा,
उसका मुखड़ा,
बेहद हसीन निखरा,

....

जिन्दगी कट रही थी,
किसी तरह,
अब वह न मिल रही थी,
उसी तरह,

....

हम तो हुश्न के,
तेरी अदा के भी कायल हैं,
तू न देखे,
तेरी इस अदा से भी घायल हैं,

....
हुश्न जब सोया होता है,

कितना हसीन लगता है,
उसे बस एक टक निहारते रहने का
जी करता है,

....

इतनी बेदर्दी से,
दिल मेरा तोडा,
अवाक रह गया,
तुने जो छोड़ा,

....

हुश्न न गरीब था,
आशिक न अमीर था,
दुनिया का यह शगल पुराना था,
हर प्यार करने वाले को बताना था,

....

न दीदार कर, न इंतज़ार कर,
अब तो हम चले,
न तुम अब आओ,
हम तो किसी और के हो चले,

....

हुश्न को यूँ छुपाया नहीं जाता,
रूह को यूँ जलाया नहीं जाता,
दिल को यूँ रुलाया नहीं जाता,
किसी को यूँ सताया नहीं जाता,

....

चन्द रोज़ पहले की तो बात है,
हुई उनसे यूँ मुलाकात है,
आज वो फिर मिल गयीं,
चलते-चलते मेरी बन गयीं,

....

मक़सूद हुश्न था,
मक़सूद जवानी थी,
छाई रवानी थी,
एक कहानी थी,

....

बहुत हुश्न को संभाला था, उसमें दिल कितना डाला था,
न मिला चाहने वाला था, सबके दिल पर लगा ताला था,

....

मेरे मयखाने में आकर,
इतनी न पिया करो,
ये जुल्म अब बंद करो,
अब रहम किया करो,

....

यादों के उसके सहारे,
बिना किसी को पुकारे,
बीत गयी जिन्दगी यूँ कर गयी,
अब तक याद न उसकी गयी,

....

फ़ना हुस्न को,
इश्क पर होना पड़ा,
जब पाला,
दीवाने आशिक से पड़ा,

....

तस्सवुर तेरे चेहरे का,
रोज़-रोज़ पीता हूँ,
आज न आ सका,
तस्वीर को देख लेता हूँ,

....

अभी उसने देखा,
चुहुक-सी गयी,
किया उसने अनदेखा,
चमक-सी गयी,

....

बहुत देर से उसकी आस में बैठा था,
अपना चेहरा लिए उदास बैठा था,
उसका गली में आना न हो रहा था,
यूँ तो उसकी गली के पास बैठा था,

....

जहां में रहकर, जिन्दगी को झुककर,
जिसने सलाम किया,
बा खुदा उसने जिन्दगी भर
आराम किया,

....

आने दो, खाने दो,
सोने दो, जाने दो,
न रुको, न रोको,
न झुको, न झोको,

....

न हुश्न को पता था,
इश्क किसे कहते हैं,
न इश्क को पता था,
हुश्न किसे कहते हैं,

....

मुस्कान तो बिखेर दी,
अब जान भी बिखेर दो,
देर इतनी क्यूँ हो रही,
अब कुछ तो बिखेर दो,

....

दरबार सज गया हुश्न का,
मल्लिका को आने दो,
बैठे रहने दो दीवानों को,
मजनुओं को न जाने दो,

....

उसके महक से जिन्दगी महक जाती है,
उसके चहक से जिन्दगी चहक जाती है,
उसके बहक से जिन्दगी बहक जाती है,
उसके लचक से जिन्दगी लचक जाती है,

....

काश वो पल न आता,
जब मैं उससे बिछड़ा था,
काश वक्त फिर जाता,
जब मैं उससे बिछड़ा था,

....

न भूल सका उसको,
जिससे कभी मोहब्बत की,
आखों के सामने रहती,
आज भी तस्वीर उसकी,

....

पागल न समझ,
दीवाना कह दे,
किसी का समझ,
अपना कह दे,

....

बाहर से खुशबुओं का
अहसास था,
भीतर से जिन्दगी का
अहसास था,

....

किसी का प्यार,
किसी का इज़हार,
मेरा ही प्यार,
दिलरुबा का इज़हार,

....

न देखा सुबह का भूला,
न देखा शाम का भूला,
जबसे तुझको है देखा,
बस देखा अपने को भूला,

....

उतर कर हुश्न ने,
यूँ जो गरीब को देखा,
नसीब उसका खुल गया,
दरीब को देखा,

....

पागल न समझ,
दीवाना कह दे,
किसी का समझ,
अपना कह दे,

....

राह हुश्न वालों की,
यूँ आसान न समझना,
तमाम मजनुओं से,
होता इनको झगड़ना,

....

यूँ तो अब जमीं पर,
पैर पड़ते नहीं उनके,
जब उनका-उन्होंने हाथ,
जो पकड़ा ठनके,

....

शराफत अब हुश्न की,
दिखाई नहीं देती,
सरे आम गलियों में,
दिखाई तबसे देती,

....

हमसे तो उसने नफरत में,
बहुत-कुछ कह दिया,
अपने दिल का सारा मलाल,
यूँ हम पर बह दिया,

....

बेहया की जिन्दगी,
कट उसकी बेकार में,
न प्यार मिला,
न दुलार मिला, बाज़ार में,

....

अब तो हुश्न को,
पर्दा न करना था,
शर्म अब कैसी,
बेपरदा रहना था,

....

बा-खुदा सारा आलम बीत गया,
उसे मनाने में,
फिर भी न समझा जालम,
लगा उसे पटाने में,

....

हाल-बेहाल जिन्दगी,
यूँ ही नहीं कोई सँवार देता,
वफ़ा बिना,
कोई किसी को यूँ ही नहीं प्यार देता,

....

इशक न हुआ किसी से अभी,
तलाश में अभी भटकता हूँ,
शायद इसी भटकन में,
किसी के दिल से अभी लटकता हूँ,

....

खनक सुनी आवाज़ की,
दिल को छू गयी,
तेरी खनकती आवाज़,
रूह में समाँ गयी,

....

जबसे उसने अपने हुश्न को,
बेपर्दा किया है,
बाढ़ आगयी है,
दीवानों की, तडफा दिया है,

....

किनारा कर लिया,
अब मेरी मोहब्बत से,
पहले तो कहते थे,
कि न जुदा होंगे तुमसे,

....

क्यूँ इस तरह,
जिन्दगी को, रोया तुमने,
अभी तो बहुत,
बाकी है, क्या खोया तुमने,

....

बेहतर है नुमाइश तेरी,
बेहतर है तेरा यूँ कहना,
किसी की मजबूरी को,
लफ़्ज़ों में यूँ तेरा पिरोना,

....

हम तरसे थे,
मोहब्बत में तेरे लिए,
बादल जैसे बरसे थे,
जमीं के लिए,

....

चन्द लम्हों का अफसाना था,
बीत गयी रात, बताने में,
यूँ जिन्दगी कुछ कम न थी,
बीत गयी समझाने में,

....

बड़ी बेरुखी से मुंह मोड़ा,
बड़ी बेदर्दी से दिल तोडा,
टुकड़े न बीन पाए,
मुड़कर भी न देख पाए,

....

बड़ी बेवकूफ थी, तुझसे प्यार कर बैठी,
तेरी बातों में आकर, इज़हार कर बैठी,
न पता था तेरा यूँ जाने का,
मुझे छोड़कर किसी और को अपनाने का,

....

यूँ तो मजमा अब हुश्न का,
लगता सरे बाज़ार नहीं,
देखना हो हसीनाओं को तो,
आसमान की सैर सही,

....

अब पूछते हो,
कितना दुःख तुने सह लिया,
तब न प्यार का,
कुछ इस तरह सिला दिया,

....

यूँ न खोलो अंजुमन को,
बंद रहने दो इसे,
आखें अभी खुली नहीं हैं,
देख न सकेंगी इसे,

....

यूँ तो नफरत न थी,
बस प्यार था,
उसका इज़हार था,
इनकार न था,

....

कुछ तो मेरी मजार पे
फूल चढ़ा दो,
अब आये हो तो
कुछ आंसू बहा दो,

....

ऐसी बेरुखी न दिखाओ,
चेहरे से नूर टपकने दो,
क्यूँ मोहब्बत को दबा रही हो,
यूँ ही महकने दो,

....

मिला है प्यार,
यूँ मोहब्बत जता दी मैंने,
दूरियाँ मिटा दी,
फासले मिटा दिए मैंने,

....

तय शुदा जिन्दगी,
गुज़र गयी वक्त से पहले,
हर साँस यूँ निकल गयी,
हर साँस से पहले,

....

साँझ तो ढल गयी थी,
रात तो निकल गयी थी,
आये हुजुर न अब तक,
याद तो मचल गयी थी,

....

प्यार तो किया था तुने,
पर इज़हार बड़ी बेदर्दी से किया,
जज्बा था पर जोश न था,
समझा यह तूने हया से किया,

....

कुछ तो वक्त गुज़र लूं,
तेरे आहाते में,
फिर कहाँ से आऊंगा,
तेरे दरवाजे में,

....

बात बन गयी यूँ,
थोड़े से मनाने से,
रूठ गयी थी.
वो थोड़े से अन्मनाने से,

....

रोक लिया हुस्न ने,
की जाओ न अभी,
कुछ देर और बैठो,
पहलु में मेरे अभी,

....

हुश्न बेदार था,
इन्तहा हमसे प्यार था,
रूक सी गयी थी जिन्दगी,
बस उसकी हाँ का इंतज़ार था,

....

यूँ नजदीक,
तेरे हम पहुँच तो गए हैं,
दरवाज़ा खोल दे दिल का,
कब से खड़े हैं,

....

हमसे नफरत करोगे,
मोहब्बत में पछताना होगा,
प्यार के बदले प्यार जब
जताना होगा,

....

बाकायदा जिन्दगी कट गयी,
तेरी बाँहों में,
किसी की याद न आयी,
जिन्दगी की राहों में,

....

तुम नाराज़ थे,
जिन्दगी की राहों से,
क्या प्यार न जताया उसने,
आहों से,

....

हमनवा से दोस्ती,
दुश्मनी में बदल गयी,
तेरी मोहब्बत प्यार से,
बेवफाई में बदल गयी,

....

कुछ जिन्दगी को,
दूर से देखा न किसी ने,
पास आया नफरत का,
जूनून देखा न किसी ने,

....

चन्द लम्हों को,
चन्द लफ़्ज़ों में पिरो लेता हूँ,
जिन्दगी के चन्द पलों को,
सभी से कह लेता हूँ,

....

कोन वो खुशनसीब होगा,
जिसका तू हमसफ़र होगा,
जिन्दगी सँवर जायेगी उसकी,
हसीं उसका सफ़र होगा,

....

यूँ न समझ अपने हुश्न को,
जंग-पे-जंग लडवा सकता है,
निकल तो मैदान में,
दोस्त से दोस्त को मरवा सकता है,

....

शुक्रिया आपका,
मेहरबानी आपकी,
इस काबिल समझा,
कदरदानी आपकी,

....

कुछ इस तरह से,
उसकी नज़र, यूँ, गुज़र गयी,
वफ़ा थी वह,
पर न जाने क्यूँ बेवफाई कर गयी,

....

शायरों की जिन्दगी का आलम,
शेर में नज़र आता है,
समझ लेता है, हर कोई,
यूँ जिन्दगी से गुज़र जाता है,

....

ऐसा भी क्या था,
जो छिपा लिया हमसे,
भूल गए क्या,
अब अलग नहीं हैं तुमसे,

....

बस अब बहुत हुआ ये रोना-धोना,
अब चलो मेरे बिना यहाँ न रहना,
अब तो साथ रहेंगे, साथ सहेंगे,
दिन जिन्दगी के, साथ बीतेंगे,

....

कुछ तो हाल दिल का कह दो, यूँ न जाओ,
नज़रें ही मिला लो, यूँ चुराकर तो न जाओ,
पड़ लेंगे हाल पूरी रूह का, नज़रों से तेरी,
न भी मिलीं तो, धड़कन है एक तेरी-मेरी,

....

ये क्यूँ भटक रही है,
नज़र किसी पर न टिक रही है,
बेचैन क्यूँ दिख रही है,
शायद किसी को ढूँढ रही है,

....

दिल पर दरवाज़ा न रखा,
कि कोई तोड़ न दे,
दिल को खली न रखा,
कि कोई मोड़ न दे,

....

नज़र टिक गयी नज़ारे पर,
आँख लग गयी इशारे पर,
हुश्न को अब क्या करना है,
हमको ही मरना-मिटना है,

....

रहने दे बस,
सताना छोड़ दे उसको,
वो तेरी नहीं,
जताना छोड़ दे उसको,

....

दीवानेपन की हद,
बेहद होती है,
हदों के खात्मे पर,
शुरू होती है,

....

खुदा तेरा शुक्रिया,
इन हसीनाओं का दीदार करा रहा है,
एक-से-एक हुश्न के नागीनो का,
आज दीदार करा रहा है,

....

बहुतों ने प्यार किया,
बहुतों ने इज़हार किया,
हमने जो प्यार किया,
हमने जो इज़हार किया,

....

कनखियों से वो देख लेती है,
फिर मुँह उस तरफ फेर लेती है,
मची है हलचल उसके दिल में,
यूँ ही अपने को समझा लेती है,

....

भूलेगी न वो अब,
उम्र भर मुझे,
भले इज़हार करे,
प्यार का न मुझे,

....

दिल में बीज प्यार का,
अब उसके जमा दिया,
अब उसे अपने प्यार का,
अहसास करा दिया,

....

तेरे नैनों में,
तेरा दिल उभर आया है,
तू छिपा ले,
ज़माने को नज़र आया है,

....

बसते हो निगाहों में,
तुम्हे अब निस-दिन देख सकूंगी,
आ तो गए हो, तुम्हे देखने के लिए,
अब आखें न खोल सकूंगी,

....

हवाला दिया हुश्न का,
यूँ बेपर्दा होकर,
सरे बाज़ार गिर पड़ा मैं,
गश खाकर,

....

बेफिक्र यूँ जिन्दगी चल रही थी,
दुनिया से अन्जान होकर,
आपकी नज़र ने जबसे देखा,
अपनी नज़र की जान होकर,

....

यूँ न दिखाओ मंज़र,
अब जुल्म सह नहीं सकती,
पड़ा रहने दो बेखबर,
तन्हाई अब जा नहीं सकती,

....

हमसे वक्त ने कुछ यूँ कहा,
अब तो मैं बस बीत चला,
बापिस फिर न आऊंगा,
जिन्दगी फिर न बसाऊंगा,

....

मेरे तो दिल में,
अब मकाँ किसी और ने बना लिया,
तू बेवफा निकल गयी,
तेरी बेवफाई को बसा लिया,

....

यूँ जिन्दगी के हवाले से,
तुमने ये क्या कह दिया,
दिल चीर कर निकल गया,
खून भी न बहने दिया,

....

दिल के दरवाजे पर,
नाम उसका रहने दो,
काम तुम करो,
बस नाम उसका रहने दो,

....

न हुश्न को छिपा,
दीदार अब करने दे,
बेपर्दा जब हो गयी,
पर्दा अब रहने दे,

....

महफ़िलें न सुहाती हैं,
मौसिकी न भाती है,
तनहा-सी जिन्दगी है,
आग सुलग-सी जाती है,

....

तनहा-सा हो गया,
उसके जाने के बाद,
गुमसुम-सा हो गया,
उसके जाने के बाद,

....

किस्सा किसे सुनाये तेरी बेदर्दी का,
यहाँ सब बेदर्द हैं,
सबके अपने-अपने किस्से हैं,
यहाँ सब मेरे हमदर्द हैं,

....

दिल ही दिल में प्यार किया,
उसने कब इनकार किया,
बात जब इज़हार की आयी,
झट उसने इनकार किया,

....

न जताना चाहती थी,
ज़माने के सामने,
हया उसकी आ गयी थी,
उसके सामने,

....

चाहती थी मन में,
कह न सकी कभी,
किसी दुसरे के साथ,
चली गयी अभी,

....

हर नज़र का, असर था,
तेरी नज़र पर,
हया की शोखी थी,
तेरे नूर-ए-नज़र पर,

....

नज़रें यूँ घूर रही थी,
सांसें यूँ थाम रही थी,
बचकर ज़माने की नज़रों,
भाग मैं रही थी,

....

आशिकों के किस्से,
बड़े निराले होते हैं,
आशिक ही,
इसे समझने वाले होते हैं,

....

बेपर्दा, हर हुश्न हो जाए,
तो क़यामत आ जायेगी,
दीवानों की बस्ती जहाँ में,
जहाँ-तहाँ बस जायेगी,

....

चन्द पलों की तो बात है, देख लेने दो,
गुज़र जाने दो रास्तों से, दम लेने दो,
ओझल हुआ जो नज़ारा, बस लेने दो,
न भागो इस तरह, कुछ चैन लेने दो,

....

बड़ी हसरतें थीं तुझे देखने की,
पर बस अब तो जा रहा हूँ,
शायद कभी नसीब से मिल पाया,
ऐसी आस लगा रहा हूँ,

....

मुद्दतों से वक्त, यूँ बस गुजार रहा था,
किसी का इंजतार, बस कर रहा था,
आ गया अचानक, आखों के सामने,
भर लिया बाँहों में उसे, लगा समाने,

....

मरहम लगा दिया किसी के प्यार पर,
फिर न उघाड़ना सुखा हुआ जख्म,
वो मारे दर्द के मर जाएगा याद में किसी की,
दे जाएगा तुम्हे भी एक ताज़ा जख्म,

....

बस यूँ बसा लिया था,
दिल में मकाँ तेरा,
बैठकर वहीँ, लग जाता था,
दिल ये मेरा,

....

हुश्न दिया है,
तो गुरुर कर सकते हो,
दिल दिया है,
तो प्यार कर सकते हो,

....

हमसे यूँ बेगानों की तरह,
बात न करो,
हमको यूँ अनजानों की तरह,
न देखो,

....

बात जज्बातों की सुरों में पिरोना,
आवाज़ से सजाना, उसको गाना,
अंदाज़ ये तुम्हारा, दिल पे छाना,
सबको है भाता तुम्हारा यूँ गाना,

....

मुझे न पता था,
इश्क में बात, इशारों में होती है,
अब पता चला, इशारों की बोली,
इश्क में इजाद होती है,

....

ऐसी किसी राहों पर होंगी अपनी मुलाकातें,
कोई तो अपनी होगी, जो पकड़ेगी मेरी बाहें,
गुमसुम रहेंगे दोनों, बातें तब न होंगी,
रास्ते पर कदम होंगे, बाँहों में बाहें होंगी,

....

ऐसी क्या बेदर्दी थी कि,
दिल हमारा तोड़ दिया,
ऐसी क्या हमदर्दी थी कि,
गम के सहारे छोड़ दिया,

....

सवाल जिन्दगी का न होता तो,
मौत भी कबूल थी,
मलाल दिल का न होता तो,
मोहब्बत भी कबूल थी,

....

है हुश्न तेरा सिर्फ,
मेरी नज़र के काबिल,
किसी और को न दिखा,
इसे ये गाफिल,

....

आपसे जिन्दगी बनी,
आपसे बन्दगी मिली,
मैं बे काबिल था,
आपसे काबलियत मिली,

....

तुझे क्या कहूं, तुझे कैसे कहूं,
न लफ़्ज़ हैं, न जुबान है,
न हौसला है, न हिमाकत है,
बस कुछ भी है, तेरी बदौलत है,

....

रूहानियत की ग़ज़ल आपसे बहती है,
रूहानियत की नज्म आपसे बहती है,
रूहानियत का नगमा आप गाती हैं,
रूहानियत का मंज़र आप दिखाती हैं,

....

रूहानियत की लहरों में,
बहना आपने सिखाया,
रूहानियत की जिन्दगी से,
रूबरू आपने कराया,

....

दिल का जख्म तो यूँ सीने से उभर आया है,
किसीने दिल तोड़ा दिलसे लहू बह आया है,
दिखा न रहे जमानेको पर अब सबने देखा है,
बेवफाईका खौफनाक नतीजा सबने देखा है,

....

आंसू यूँ बह गए,
किसी कि बेवफाई से,
दरिया जैसे बह गया हो,
बड़ी रुखाई से,

....

तोहफा हसीन था,
तेरी नज़र कर दिया,
तू हसीन है,
कुछ तेरी नज़र कर दिया,

....

आखें न छुपाओ हांथों से,
कुछ तो देख लेने दो,
रो रही हैं, कि खो रही हैं,
इतना तो देख लेने दो,

....

रुहानियत की ग़ज़ल आपसे बहती है,
रुहानियत की नज़्म आपसे बहती है,
रुहानियत का नगमा आप गाती हैं,
रुहानियत का मंज़र आप दिखाती हैं,

....

हया नज़रों में होती है,
ये आज मैंने देखा है,
झुकी जब नज़रें उसकी,
हया को मैंने देखा है,

....

बेज़ार दुनिया का फ़साना क्या सुना दिया,
तुम तो यूँ ही नाराज़ हो गए,
चलो थोडा हंसो भी, दुनिया को दिखा दो,
यूँ न हम बरबाद हो गए,

....

हुश्न के बाज़ार में,
दीवानों का नाम होता है,
क्यूँ आये,
यहाँ बस इश्क बदनाम होता है,

....

वफ़ा का जोर था,
बेवफा निकल गया,
प्यार किसी का था,
किसी को मिल गया,

....

हमसे यूँ हुश्न का,
दीदार नहीं होता,
खड़ी हो चुपचाप,
यूँ प्यार नहीं होता,

....

नज़र मिला लो अब तो,
ऊपर तो देखो ज़रा,
कब तब यूँ खड़ी रहोगी,
कुछ तो कहो ज़रा,

....

हया से नज़र झुक गयी,
ओंठों पर मुस्कान बिखर गयी,
सुर्ख गालों की ये शोखियाँ,
दिल में कुछ यूँ उतर गयी,

....

कुछ तो करो,
हुश्न को जो संभाल के रखा है,
न आने दो इसे नज़रों में,
ढांक कर रखा है,

....

सफाक हुश्न ये बेहन्तेहा झुकी नज़रें,
जीने न देंगी,
ये मासूम अदा दिल में,
उतर गयी तो मरने न देंगी,

....

खुसबू बिखेरती हो, सभी के आँगन में,
सुगंधा नाम है, तुम्हारा,
आवाज़-ए-सुगन्ध और फुहार-ए-हंसी पर
इख्तयार है, तुम्हारा,

....

वक्त का इंतज़ार किया,
तुझसे जो प्यार किया,
तुने क्या सिला दिया,
किसी और से मिला दिया,

....

महरूम रहा तेरे इन्तखाब का,
यह सिला मिला मेरे प्यार का,
यूँ तो बेदर्दी न दिखानी थी,
कुछ तो हमदर्दी जतानी थी,

....

चन्द गलियों से,
न गुज़रना होता यूँ रोज़,
शायद मिल जाओ,
किसी मोड़ पे यूँ हर रोज़,

....

किसी के दीवाने से,
ये मत पूंछो, मोहब्बत तुने कैसे सीखी,
दीदार तेरा जब से हो गया,
मोहब्बत जहन में उतर नीखी,

....

चौखट पर तेरी अब,
मैं दम न तोडूंगा,
उठा ले जाऊँगा,
तेरे दर को न छोडूंगा,

....

शमशीरों के साए में,
जो रहना सीख गया,
खौफ कैसा,
मैदानें जंग में जीना सीख गया,

....

मासूम निगाहों का,
आँचल जो उठा है,
निगेहबान हुई निगाहें,
दिल मचला है,

....

ज़माने से नफरत करो,
हमसे क्यूँ करते हो,
हमसे मोहब्बत करो,
ज़माने से क्यूँ डरते हो,

....

न कुछ कहो,
नैनों को कहने दो,
न कुछ सुनो,
सांसों को बहने दो,

....

ऐसे तो उदास न बनो,
दिल के तलबगार न बनो,
गर हो गयी खता हमसे,
उसे अब माफ़ करो,

....

क्यूँ ये परवाना इस तरह जान देता है,
जलती शमाँ में अपने को डुबो देता ये,
गर इश्क में इसका भी बस चलता तो,
जान देने पर शमाँ को मजबूर करता ये,

....

मुबारक हुश्न जो तुने पाया है,
उसका दीदार तो करा दे,
यूँ न जाया कर पर्दा करके,
थोडा मुखड़ा तो दिखा दे,

....

हमारे परवाने को, वो बेदार कर गयी,
हमने कुछ कहा, वो इनकार कर गयी,
हम अब ताला लगा लेते हैं, जुबान पर,
और बैठ जाते हैं, उसके मकान पर,

....

हर लम्बा मोहब्बत का,
कम नहीं होता,
छूट जाती है मोहब्बत,
गम सभी को होता,

....

आँख यूँ नम हुई,
दिल यूँ खोने लगा,
तुम जो छोड़कर गई,
दिल यूँ रोने लगा,

....

जज्बा-ए-हुश्न मैं क्या कहूँ,
तेरे हुश्न ने मुझे मारा है,
तू यूँ क्यूँ न समझ रही,
तेरे नैनो ने मुझे तारा है,

....

ऐसे तो बहुत वक्त हुआ,
उसका दीदार हुए,
आज फिर बैठें हैं,
दिल में एक आस लिए,

....

दरवाज़े पर वो आये हैं,
उन्हें भीतर तो ले आओ,
बड़ी आस लेकर आये हैं,
उन्हें खिलाओ तो पिलाओ,

....

हमसे नज़र उठाओ तो,
ज़माने को देख लो,
अपनी नज़र से न देख सको तो,
हमारी नज़र से देख लो,

....

साफे गम में दुनिया है,
गम की महफिल में मुनिया है,
गर करो राजदार तो,
हर दिल में एक दुनिया है,

....

गुनाहों पर पर्दा पड़ा रहने दो,
राजदारों को राजदार रहने दो,
वक्त खोल देगा सब राज़,
खुदा कर देगा सब गुनाह माफ़,

....

वक्त का वो मंज़र था,
दिल में गडा खंज़र था,
मौत भी न आ रही थी,
दिल को यूँ सता रही थी,

....

कुछ वो परेशान कर रही थी,
कुछ जिन्दगी परेशान कर रही थी,
कुछ संजीदगी ने हाल बुरा किया था,
कुछ आवारगी ने बेपर्दा किया था,

....

हमको तो मंज़ूर नहीं,
दुश्मनी का ये फ़साना,
गर दोस्ती अब कर लो,
फिर दुश्मनी निभाना,

....

गर कबूल थी मोहब्बत,
तो यह फ़साना न बनता,
अफसाना न कहते लोग,
कोई दीवाना न बनता,

....

बस यूँ ही कुछ लिख लेता हूँ,
बस यूँ ही कुछ देख लेता हूँ,
बस यूँ ही कुछ सुन लेता हूँ,
बस यूँ ही कुछ गुन लेता हूँ,

....

न देख तमाशा किसी और का,
तेरा भी तमाशा बन जाएगा,
वक्त बदलते देर नहीं लगती,
तू भी कर देगा कोई गलती,

....

न वक्त कम था, न जिन्दगी कम थी,
पता नहीं किस बात का गम था,
दिल कुछ नम था, आँख कुछ नम थी,
पता नहीं किस बात का गम था,

....

दुआ, गरीब की हो,
आमिर की हो, कबूल होती है,
खुदा सबको देता है,
झोली खाली, किसी की न होती है,

....

बदलते ज़माने,
पर दस्तूर न बदला,
आज भी फितूर,
हूर को देखकर डोला,

....

मुक्कदर लेकर ज़माने में,
आ तो गया हूँ,
सिकंदर बन कर ज़माने में,
समां तो गया हूँ,

....

मुस्कान किसी की ढल रही है,
मुस्कान किसी की जा रही है,
मुस्कान किसी की आ रही है,
मुस्कान किसी की बढ रही है,

....

है तुफ्र जिन्दगी का,
मौत से लडती है,
न हो डर जिन्दगी का,
मौत पर भरी पड़ती है,

....

मकसद ज़माना ढूढता है,
हम तो बेमकसद जीते हैं,
फ़साना जमाना चाहता है,
हम तो अफ़साने में जीते हैं,

....

रहबर जिन्दगी का,
साथ देता रहा,
कट गयी ताउम्र,
एहसास न गम का रहा,

....

हम तो मजबूर थे,
मजरूफ़ थे,
तुम न मशहूर थे,
न मशगूल थे,

....

अपनी बेवफाई का,
किस्सा किसे सुनाये,
जमाना सब जानता है,
किसे रोकर दिखाए,

....

गम जदा था,
कहा न एक लफ्ज़,
अल हदा था,
बहा न एक अक्श,

....

बात ओंठों तक न आने दी,
उसकी बेवफाई की,
बात दूर तक न जाने दी,
उसकी बिदाई की,

....

लोग ओंठों से पीतें हैं,
हम अक्शों से पीते हैं,
लोग पानी से बुझाते हैं,
हम आशुओं को पीते हैं,

....

मोहब्बत तो थी,
पर जताई नहीं,
अपनी तो थी,
पर बताई नहीं,

....

इतनी मदहोश है,
खो दिया अपना होश है,
इतनी सरगोश है,
खो दिया अपना जोश है,

....

गला इसका बड़ा सुरीला है,
स्वभाव से बड़ा शर्मीला है,
आपसे इल्तजा है एक नेक,
दे दो मौका इसको और एक,

....

खाक दिल में मिला दिया,
अब ये कहती है क्यूँ सिला दिया,
गम का मंज़र क्यूँ पिला दिया,
रूह को मेरी क्यूँ रुला दिया,

....

तुमसे जो कहा, जिन्दगी से न कह सका,
तेरे प्यार का अफसाना, किसी से न कह सका,
गम सब सह गया, तेरी बेवफाई का,
इज़हार तक न होने दिया, तेरी बेनराई का,

....

न गम था न गमदार था,
फिर भी दिल ग़मगीन था,
न खुश था न खुशदार था,
फिर भी दिल खुशगीन था,

....

यूँ तो, कुछ न कहना था,
बस यूँ ही चले आये,
कुछ देर, तुम्हे निहारना था,
बस यूँ ही चले आये,

....

राहें बदल रहीं हैं,
आहें-सी भर रही हैं,
आखें नम हो रहीं हैं,
आसुओं से तर हो रही हैं,

....

न दिया, न लिया कुछ,
बस यूँ पड़ा रहा, सब कुछ,
वक्त में मिल गया, सब कुछ,
अब याद आ रहा है, सब कुछ,

....

अब तो हिसाब कर दिया,
दिल वक्त का तलाब्दार कर दिया,
सुना था दिल का फ़साना,
दिल वक्त के हलब्दार दर दिया,

....

इंतज़ार ख़त्म हुआ,
दिल सुकुनदार हुआ,
मददगार प्यार मिला,
तलब्दार यार मिला,

....

पता चला माँ-बाप के प्यार का,
पता चला प्यार के इज़हार का,
पता चला माँ-बाप के दुलार का,
पता चला मजबूर माँ-बाप का,

....

दिया न जला हो,
तो दिल जलाकर देता हूँ,
उसके काम न आ सका,
तेरे काम आता हूँ,

....

जब इश्क परवान चड़ा,
दिल को बुखार चड़ा,
उतरता है न अभी,
तुझको देखा जो कभी,

....

कह दिया ज़माने से,
सुन ले अभी से,
न कहना किसी से,
तुझे पाया नसीब से,

....

कुछ था कहना, कह और दिया,
प्यार था, पर इंकार कर दिया,
ऐसा क्या गिला किया,
ऐसा क्यूँ सिला दिया,

....

जमाना बातों-बातों में बहुत कुछ सुन लेता है,
जमाना बातों-बातों में बहुत कुछ कह देता है,
जमाना बातों-बातों में बहुत कुछ समझ लेता है,
जमाना बातों-बातों में बहुत कुछ बता देता है,

....

किसी को पेश करने का,

तेरा अंदाज़ निराला है,
बहुत सिम्पल, सदगीवाला,
एकदम निराला है,

....

यूँ तो जमाना बहुत,
अफसाने सुनाता है,
कभी लैला, कभी हीर के,
दीवाने बनाता है,

....

सरे बाज़ार तुझे उठाऊंगा,
प्यार किया है, शादी तुझी से रचाउंगा,
ज़माने को यह करके दिखाऊंगा,
कितना दम भर ले जमाना, तुझे तो लेकर जाऊँगा,

....

हर सीने में दिल होता है,
हर जिस्म में जान होती है,
कोई इसे जीने में खोता है,
कोई इसे पीने में खोता है,

....
तेरी चुलबुलाहट,

तेरी बड़-बोली,
तेरी बेतल्खी,
तेरी हंसी-ठिठोली,

....

यूँ तो कुछ न कहा,
यूँ तो सब कह दिया,
ओंठों ने कुछ न कहा,
आखों ने सब कह दिया,

....

इस तरह बेपरवाह घूम रही हो,
हुश्न को लेकर,
ज़माने की नज़र में चढ़ रही हो,
हुश्न को लेकर,

....

यूँ न देखो शक की,
निगाह से,
क्यूँ खड़ी हो,
शक-ए-शुबह से,

....
यूँ गले लगा लिया,

शुक्रिया तेरा, शुक्रिया तेरा,
बस न छोड़ना अभी,
दिल न तोड़ना अभी, मेरा,

....

क्या किस्मत है, जनाब की,
बैठे हैं गोद में,
बड़े गौर से, निहार रहे हुश्न,
बैठे हैं गोद में,

....

तन्हा हो जाती है जिन्दगी,
किसी के जाने के बाद,
फ़ना हो जाती है जिन्दगी,
किसी के आने के बाद,

....

दो घडी साँस रोक लो, खुदा याद आता है,
सांस रुकने के बाद, खुदा से मिल जाता है,
सांस के चंलते, खुदा न याद आता है,
सांस के रुकते, खुदा से मिल जाता है,

....

टूटा हुआ दिल लिए फिरता हूँ,

कोई जोड़ तो दे इसको,
जिन्दगी का टूटा हुआ फ़साना,
कोई जोड़ तो दे इसको,

....

चन्द सासों का सफ़र है, बेकार न करना यूँ,
चन्द लम्हों की डगर है, बेकार न करना यूँ,
चन्द आखों की नज़र है, बेकार न करना यूँ,
चन्द बातों की खबर है, बेकार न करना यूँ,

....

न देखो आईना,
सूरत अपनी पता चल जायेगी,
कर न सकोगे यकीन,
जो मूरत यूँ ढल जायेगी,

....

हल्का फुल्के ढंग से, कह देते हैं ये सब बात,
जिन्दगी के चाहे, कितने मुश्किल हो हालत,
सुलझा देते हैं, सब परेशानियाँ,
भर देते हैं, सब और खुशियाँ,

....

कुछ खफा हो, कुछ नासाज़ हो,
हुई खता हमसे, कुछ माफ़ हो,
जाना था की दिल पर लगेगी,
अपना सोचकर खफा न होगी,

....

हम बेददारी में, कुछ कह गए,
हम बेकरारी में, कुछ कह गए,
हम दिलनसी में, कुछ कह गए,
हम दिलखुशी में, कुछ कह गए,

....

आखें भरी हैं अश्क से, कैसे दीदार करून,
चेहरा छुप रहा है उनसे, कैसे दीदार करून,
पास इतना गुज़र गए, नज़र एक कर गए,
नज़रों से नज़रों में लाखों सवाल कर गए,

....

जाना था जिन्दगी से दूर,
पर न थे हम मजबूर,
हुए जबसे हम मशहूर,
अपने हो गए हमसे दूर,

....

खुश वो मंज़र था,
खुश ये मंज़र था,
दिल में खंजर था,
दिल तो बंज़र था,

....

मौत दबे पाओं आती है,
गम देकर जाती है,
जिन्दगी तो खुशहाली लाती है,
खुश देकर ठहर जाती है,

....

हुश्न दिया हूर को,
नूर भी दिया है,
सहूर दिया हूर को,
मशहूर भी किया है,

....

मकसद है जिन्दगी का, बहुत दूर जाना,
थोडा तो नाम कमाना,
थोडा तो काम करना,
यूँ खाली न बैठना,

....

बाजे बजे,
समां बंधा,
किसी की डोली उठी,
किसी का जनाजा उठा,

....

अपनों को छोड़कर,
दूसरों को पकड़कर,
जिन्दगी में कोई चल पाया है,
इतने दिन किसी का दिल तोड़कर,

....

यूँ तो जमाना किसी का,
दुश्मन नहीं,
गर दोस्त बना लो,
तो कोई रोता नहीं,

....

हर सीने में दिल होता है,
हर जिस्म में जान होती है,
कोई इसे जीने में खोता है,
कोई इसे पीने में खोता है,

....

कुछ तो मोहब्बत का जिक्र हुआ,
कुछ तो माशूक का जिक्र हुआ,
कुछ तो आशिक का जिक्र हुआ,
कुछ तो मोहब्बत का जिक्र हुआ,

....

इश्क की गली,
मजनुओं से भरी हैं,
लैला तू चली है,
आस अभी लगी है,

....

सप्ताहन्त का जमाना था,
मौत को भी अभी आना था,
जिन्दगी को उसे ले जाना था,
थोड़ी देर तो रुक जाना था,

....

मगरूर हसीना,
तुझे है फँसाना,
तेरी मगरुरियत,
तोड़कर है जाना,

....

मदमस्त आखें,
खुली हुई बाहें,
निकलती आहें,
रुकी हुई सांसें,

....

तेरी आदायगी,
और अदावत की दाद देता हूँ,
तू इतना सुलझा है,
कि तुझे सलाम देता हूँ,

....

रहा जाए न, सहा जाए न,
एक पल जिया जाए न,
कैसे कटे अब यह रात,
कोई तो बताये यह बात,

....

तेरे जैसा दोस्त मिले सबको,
दुआ करता हूँ,
नज़र न लगे तुझे किसी की,
दुआ करता हूँ,

....

राहें बदल जाती हैं जब,
मंजिलें मिल जाती हैं तब,
जिन्दगी एक जैसी नहीं होती है,
मेरी अलग, उसकी अलग होती है,

....

जमाना जो कहता है,
खूब कहता है,
ज़माने से जो दूर रहता है,
बहुत ऊब रहता है,

....

न पता था उमर यूँ गुज़र जायेगी,
जिन्दगी सारी तो यूँ कट जायेगी,
आखिरी पड़ाव पर तू नज़र आयेगी,
चलो अब नज़र में तो बस जायेगी,

....

हाल जिन्दगी का नहीं मौत का अब पूछो,
यूँ तो जिन्दगी में हालत बहुत झेले हैं,
तुम तो खेलते हो जिन्दगी से,
हम मौत से बहुत खेले हैं,

....

हमसे यूँ बेवफा हुई जिन्दगी,
खफा कर गयी यूँ पूरी बन्दगी,
मुक्कदर को भी यह मन्जूर था,
उसमे तेरा तो क्या कसूर था,

....

मोहब्बत की बगावत,
बहुतों ने झेली है,
फूलों की जगह,
खून की होती खेली है,

....

हमसे मोहब्बत का,
पता पूछती हो,
मोहब्बत की जानिब तो,
खुद ही रहती हो,

....

यूँ बेजार कर दिया,
दिल को बीमार कर दिया,
कुछ तो कहना था,
कुछ तो करना था,

....

बा खुदा, हुश्न की अदावत में,
आदाब बजा लाते हैं,
प्यार करने वाले,
दुनियाबी अदालत में सजा पाते हैं,

....

रुक तो जरा, नज़र उठा तो ज़रा,
देख तो ज़रा, कोन है सामने खड़ा,
वाह! हुश्न की परि है, जन्नत की हूर है,
नूर खुदा का इस पर है चड़ा,

....

हसीनों का मेला,
जिन्दगी से यूँ खेला,
मौत भी न आई,
जिन्दगी यूँ गवाँई,

....

सफियाने मैं मौजू की,
जानिब खड़ा हो गया,
दरमियाने में तू निकली,
दीदार तेरा हो गया,

....

यूँ तो जिन्दगी कुछ कट रही थी,
कुछ अपनी कुछ उसकी पट रही थी,
हमसफ़र बनकर उसने साथ दिया,
सफ़र का सब सफ़र उसने यूँ बाँट लिया,

....

मैं कुछ बेखबर था,
तू कुछ बेखबर थी,
दुनिया को खबर थी,
हम पर नज़र थी,

....

खुश तो है, पर गम अभी दूर नहीं हुआ,
प्यार तो है, पर इज़हार अभी नहीं हुआ,
बेक़रार तो है, पर करार अभी नहीं हुआ,
वफ़ा तो है, पर बेवफा अभी नहीं हुआ,

....

बेअदबी तुझे अदब सिखा दिया,
बेदर्दी तुझे दर्द का सिला दिया,
बेखुदी तुझे खुद से मिला दिया,
बेहकी तुझे हक़ तेरा दिला दिया,

....

महफ़िल सजी है,
शहनाई बजी है,
दिल तेरा टूटा है,
तू तो बहुत सजी है,

....

इंतज़ार कर रहीं हूँ, सुबह शाम,
दिन-रात काट रहीं हूँ, सुबह शाम,
तुझसे प्यार कर रही हूँ, सुबह शाम,
समझा दिल को रही हूँ, सुबह शाम,

....

बात जब फोन पर होती है,
कानों में रस घोलती है,
दिल में सीधे उतर जाती है,
बस वही जाकर बैठ जाती है,

....

चले गए इस दिल से,
चले गए इस महफ़िल से,
गाफिल जमाना था,
महफ़िल में न आना था,

....

दगा तुमने दिया,
किसी और के लिए,
अब दगा न देना,
किसी और के लिए,

....

दीगर जमाना था,
दर्द का फ़साना था,
देखा तुम्हे जबसे,
दिल ये दीवाना था,

....

किसी का प्यार न छीनो,
तुम्हे दुआ लगेगी,
ढूंढ लो अपना प्यार,
तुम्हे बद्दुआ न लगेगी,

....

खुदा बचाए इस सौतनों की डाह से,
नज़र रखती हैं ये, किसी की आह से,
खुदाबंद इन्हें सजा न दे,
दे दे कोई और पर मेरा न दे,

....

हर वक्त प्यार में, डर यह रहता है,
किसी सौत की डाह का, डर यह रहता है,
छीन लेगी मेरे प्यार को,
कुचल देगी मेरे यार को,

……….

आखें खुली हैं,
दिल बेहाल है,
राहें तकी हैं,
किसी का इंजतार है,

……………..

कितना बेदर्द है जमाना,
मतलब परस्ती का है फ़साना,
बात न बनती देख,
बात न सुनता एक,

……….

खुदा बंद हूँ,
खुदा की बंदगी मिली,
जुदा नहीं हूँ,
खुदा से जिन्दगी मिली,

……….

परवरिश की खुदा ने,
जीने दिया जहाँ में,
सब तरफ खुदा है,
छोड़कर जाऊंगा कहाँ में,

....

इंतज़ार कर रही हूँ,
राह पर आखें गडी हैं,
वो आया तो देखा,
कोई और पास खड़ी है,

....

है दूर जिन्दगी का मकसद,
पर पास है अपनी मोहब्बत,
दूर का जाना यूँ खलता है,
जब पास अपने सब मिलता है,

....

वक्त गुजार दिया,
उसी के इंतज़ार में,
वो आये मिले भी न,
मिले किसी के प्यार में,

....

अश्क से आँशु बहे,
बात दिल की कह गए,
तुझे तेरा प्यार न मिला,
वो किसी के हो गए,

....

आँख मेरी आईना है,
सूरत तेरी देख ले,
उतर जाने दे दिल में,
मूरत अपनी देख ले,

....

जब तेरी डोली उठी,
तब मेरा जनाज़ा निकला,
राह में मुलाकात हुई,
तकाजा वक्त का निकला,

....

हर तरफ शहनाई बजी है,
हर तरफ रोशनाई सजी है,
हर तरफ मजमा लगा है,
हमें तो एक सदमा लगा है,

....

बरबस जिन्दगी गुज़र गयी,
बात क्यूँ मुँह से निकल गयी,
चीज़ यूँ हाथ से फिसल गयी,
इस तरह क्यूँ हमसे रूठ गयी,

....

क्यूँ इतने सख्त बने हो,
कुछ तो दिल की बात सुनो,
क्यूँ इतने तन्हा बने हो,
कुछ तो दिल की बात सुनो,

....

तेरे जिस्म को नहीं, तेरी रूह को देखा है,
चुलबुली है बाहर से, भीतर से तन्हा देखा है,
गम है किसी का, रोते हुए देखा है,
याद सताती है किसी की, गुमसुम सा देखा है,

....

यूँ न बेजार कर,
थोडा तो प्यार कर,
दिल दिया है जब,
थोडा तो इंतजार कर,

....

न हाथ रख सर पर,
न सोच इतना,
जो हो रहा है,
उस पर भरोसा कर उतना,

....

वक्त को गर थामना है,
साँस को रोक लो,
लम्हा वो थम जाएगा,
खुदा तुम्हे मिल जाएगा,

....

दिल को बहलाना आता है उसे,
गम को भुलाना आता है उसे,
घाव को सहलाना आता है उसे,
रब को बुलाना आता है उसे,

....

जिस्म में रूह रहती है,
बात वो कुछ कहती है,
बहुत सुर में बहती है,
बात वो बहुत सहती है,

....

कुछ तो गोर करो,
बात पर जोर करो,
यह तो शोर करो,
नज़र उस ओर करो,

....

ये लड़कियां बड़ी अजीब होती हैं,
नचाती हैं लड़कों को उनका नसीब होती हैं,
समझती हैं सब ये, नासमझ न होती हैं,
बात मन की मनवाना इनकी आदत होती है,

....

है तो इसके दिल में कुछ और,
जता रही है सबको कुछ और,
बात तो जरुर है कुछ और,
बता राही है कुछ और,

....

खुश हुए सब,
खुशवार हुआ समाँ,
यह है किस्मत से,
बंधा हुआ समाँ,

....

हिम्मत होती है,
इश्क वालों में,
इश्क का रिश्क,
उठाने वालों में,

....

दरकार हुई,
पर प्यार कम न हुआ,
तकरार हुई,
पर प्यार कम न हुआ,

....

जिनका ज़िक्र था,
वो तो वह हैं,
सामने ही खड़े हैं,
वो तो वह हैं,

....

तुझे वक्त किया सोचले अभी,
बाद में न पछताना, सोचले अभी,
गर हो गयी किसी की, सोचले अभी,
पायेगी न मुझे कभी, सोचले अभी,

....

हूर है तू जन्नत की,
मैं आदम हूँ जमीं का,
गर तू छोड़कर चली गयी,
रह न पाउँगा कहीं का,

....

हुश्न है तो गुरुर भी है,
सुर है तो सुरूर भी है,
गुमाँ है तो मगरूर भी है,
हूर है तो मशहूर भी है,

....

महक तेरी, तेरे आने की खबर देती है,
चहक तेरी, तेरे चहकने की खबर देती है,
मचल तेरी, तेरे मचलने की खबर देती है,
बहक तेरी, तेरे बहकने की खबर देती है,

....

उसके दिल से धडकता था दिल मेरा,
उसके मन से मचलता था मन मेरा,
उसके तन से महकता था तन मेरा,
उसके ओंठ से फडकता था ओंठ मेरा,

....

जिन्दगी भर तरसने को छोड़ दिया,
जिन्दगी भर दरकने को छोड़ दिया,
जिन्दगी भर सड़ने को छोड़ दिया,
जिन्दगी भर मरने को छोड़ दिया,

....

सुलगता है दिल, सुलगती हैं आखें,
बहकता है मन, बहकती हैं निगाहें,
तरसता है माजी, तरसती हैं राहें,
गुज़रता हैं राही, भरती है आहें,

....

मौत तो आनी है,
जिन्दगी ठीक से जी लेना,
गर न पता हो,
हम से सीख लेना,

....

नज़र आया वो नज़ारा,
तेरे साथ जो देखा,
याद आया वो वक्त,
जो तेरे साथ गुज़रा,

....

यूँ न वक्त गुजारना था,
जिन्दगी को तो जी भरकर जी लेना था,
आरजू तो सब पूरी कर लेनी थी,
मोहब्बत तो थोड़ी कर लेनी थी,

....

वाह क्या हुस्न है,
खुदा की सौगात है यार,
प्यार मिले इसका,
मेरी भी औकात है यार,

....

इस तरह अगर देखोगी,
तो तुम्हारा हुए बिना न रहा जाएगा,
तुझे कुछ करना नहीं पड़ेगा,
तेरा देखना ही सब काम कर जाएगा,

....

हो गई सगाई,
बधाई हो बधाई,
हैं दिल थोडा बेक़रार,
बस शादी का है इंतज़ार,

....

दिया हुश्न तुझे,
इतना क्यूँ इतराती है,
जानिब देख तेरे,
कलियाँ अभी से बल खाती हैं,

....

बफा का है जमाना,
बेवफाई न किया कर,
प्यार किया है तुझसे,
इज़हार तो किया कर,

....

हर फ़साने पर,
ज़माने की मोहर लगती है,
जमाना जो कह दे,
वही अफसाना लगती है,

....

गर बात इल्म की है,
तो जुल्म न कर,
आह न ले किसी की,
यह इल्म तो कर,

....

है मुअज्जम का फ़साना,
जिन्दगी का इतना तराना,
मौत का आगोश में सलाना,
याद रखेगा यह ज़माना,

....

तुफ्लिसे वक्त कट रहा है,
और जिन्दगी कट रही है,
रही बात तेरी मेरी,
अपनी तो अब पट रही है,

....

नाकामी की बात न कर,
कामयाबी मेरे कदम चूमती है,
गर न हो यकीन,
मौत भी मुझसे रास्ता पूछती है,

....

हार न मान सका,
हथियार न डाल सका,
जीतकर मैं जाऊँगा,
लेकर तुझको आऊंगा,

....

नफरत थी मोहब्बत से,
बहुतों को पिसते देखा है,
अब तुमसे मोहब्बत हुई है,
खुद को पिसते देखा है,

....

कुछ तो प्यार था,
कुछ आज और हो गया,
जबसे तुझको देखा था,
मैं तेरा हो गया,

....

हर शक्श मोहब्बत में,
मारा जाता है,
हर शक्श मोहब्बत को,
न पा पाता है,

....

बाज़िबे हुश्न, तेरा ख्याल,
जबसे दिल में आया,
बेकरारी का आलम वो,
अपने साथ में लाया,

....

वक्त बहुत कम था,
बात उसको कहनी थी,
शायद सुन ले वह,
कुछ इस तरह से कहनी थी,

……….

नज़र करूँ एक तेरे,
मोहब्बत का नजराना,
ले लेना, देख तू इस तरह न,
इसको ठुकराना,

……….

सहमी-सहमी सी आ गयी,
रौनक सी छा गयी,
गहमा-गहमी सी हो गयी,
गरमी सी छा गयी,

……….

बात आज एक अजीब हो गयी,
एक हुश्न परि मुझसे टकरा गयी,
सहम गयी, शरमा गयी,
और फिर आखों से ओझल हो गयी,

……….

हो जाए मोहब्बत,
तो इज़हार तेरी आखों से होगा,
तू कुछ न कहना,
प्यार तेरी आखों में होगा,

....

हर वक्त अपनी मोहब्बत का,
अफसाना सुनाता हूँ,
तेरी बेवफाई का नहीं,
अपनी वफ़ा का गाना गाता हूँ,

....

प्यार में, मोहब्बत में,
आखों का बड़ा काम होता है,
नज़ारों में, इशारों में,
आखों का बड़ा काम होता है,

....

दिल हो जाता है बेचैन,
अब नहीं रहता अमन चैन,
आरजू करूँ, इल्तजा करूँ,
तेरे प्यार की खातिर क्या करूँ,

....

हम गम से दूर थे, ग़मगीन हो गए कैसे,
हम नम से दूर थे, नमकीन हो गए कैसे,
हम कम से दूर थे, कमहीन हो गए कैसे,
हम दम से दूर थे, दमहीन हो गए कैसे,

....

रातों की नींद, दिन का चैन,
मोहब्बत में होते हैं सब बेचैन,
करवटें बदलते हैं, इधर-उधर टहलते हैं,
मोहब्बत में होते हैं सब बेचैन,

....

सुस्त हुआ सुस्ताने लगा,
मस्त हुआ मस्ताने लगा,
लस्त हुआ लस्ताने लगा,
कस्त हुआ कस्ताने लगा,

....

यूँ तो जिन्दगी कट गयी,
मौत आनी अभी बाकी है,
यूँ तो जनाज़ा बांध गया,
जान जानी अभी की है,

....

खफा हो लेने दो,
जुदा हो लेने दो,
पास न आने दो,
दूर जा लेने दो,

....

होश खोकर मोहब्बत का फ़साना पाया,
होश आया तो लगा, कोई फ़साने आया,
फंस गया जब, फंसने में मज़ा आया,
निकलना चाहा, पर निकलना न आया,

....

नूर-ए-नज़र, तेरी सिफाकत की जिन्दगी है,
उठा तो नज़र, तेरी हिमाकत की जिन्दगी है,
लगे न नज़र, मेरी हिफाज़त की जिन्दगी है,
उठे जो नज़र, मेरी हकीकत ही जिन्दगी है,

....

तस्वीर तेरी देखी थी,
तुझे नहीं देखा था,
जाँ अभी बाकी थी,
दिल नहीं निकला था,

....

है दूर निगाहें,
है दूर समां,
फिर भी तू,
दिल में समां,

....

तरसती हैं आखें, तसरता है आलम,
बरसती हैं निगाहें, बरसता है बालम,
दरकती हैं सासें, दरकता है सालम,
फरकती हैं बाहें, फरकता है जालम,

....

बा खुदा क्या हुश्न पाया है,
निगाहों को यूँ भरमाया है,
दिल में अरमा जगाया है,
तुझे पाने को ललचाया है,

....

किधर से शुरू करून, किधर से ख़तम करून,
जिन्दगी का फ़साना, कैसे तेरी नज़र करून,
है ख्याल जिन्दगी का, कैसे मुनव्वर करून,
मगरिब के जानिब खड़ा, कैसे तसव्वुर करून,

....
वाह वाह !,

ताबे हयात लग रही हो,
इस लिबाश में भी,
नूर-ए-हयात लग रही हो,

....

तेरे दीवाने हैं, हर वक्त बेगाने हैं,
दूर ही सही, पर तेरे परवाने हैं,
शमाँ तू है, जल्दी है बहुत दूर,
फैलती हैं रोशनी, तेरे नूर की बहुत दूर,

....

सुन लेता हूँ तेरी आवाज़, काट लेता हूँ दिन और रात,
दोस्त पूछते, क्या है तेरी, बेतल्खी के राज़ की बात,

....

इत तदा तो की,
इबादत भी कर लेता हूँ,
प्यार की खातिर,
दुआ भी कर लेता हूँ,

....

सफ़क रोशनी है,

आखें चुंधिया-सी गयी,
नूर है हुश्न का,
चमक बिजली-सी गयी,

....

बड़ा बेजार किया,
कितना इंतजार किया,
तुझसे प्यार किया,
तुने न इज़हार किया,

....

मुक्तलिफ़ सा वक्त था,
मुक्तलिफ़ सी जिन्दगी,
अरमाँ अभी बाकी थे,
जाँ अभी न निकली,

....

सुबकते-सुबकते कब सुबह हो गयी,
पता न पड़ा,
जागते-जागते कब नींद लग गयी,
पता न पड़ा,

....

तेरी चाहत का उसे क्या पता,
अपनी चाहत का भरोसा था,
टूट गया उसका दिल,
जब उसे तुने छोड़ा था,

. ...

क्या अदा है,
मेरी जान, तुझ पर फब्ती है,
तेरी जुल्फों में,
तेरी आखों में वो मस्ती है,

....

क़त्ल कर दिए गए,
कितने अफ़साने मोहब्बत के,
यूँ ही बेबस से हो गए,
कितने दीवाने मोहब्बत के,

....

दानिशे वक्त की तन्हाईओं से,
कोई मुझे निकाल ले,
यूँ ले चल अपने संग,
इस घूमते वक्त को संभाल ले,

....

पेश-ओ-पेश में,
जिन्दगी को अलहदा-सा कर दिया,
किसी को आज थोडा-सा,
यूँ गमजदा-सा कर दिया,

....

क्यूँ आज हुश्न ने,
इससे बेवफाई की है,
ज़माने ने शायद,
इसे कोई दुहाई दी है,

....

मुस्कुराती कली को आज,
मुरझा हुआ-सा देखा,
मदमाती महक को आज,
दहकता हुआ-सा देखा,

....

न ज़ुरूर-ए-हुश्न की, न पैमाईश की थी,
इरादा-ए-इश्क में, न फरमाईश की थी,
वो तो यूँ ही रुसवा हो गए, फ़क्त की वो,
न जाने क्या सुना, हमसे दूर हो गए वो,

....

कोई तो तन्हा था, इस दुनिया में,
कोई तो रुसवा था, इस दुनिया में,
कोई तो थमा था, इस दुनिया में,
कोई तो फासिब था, इस दुनिया में,

....

इख्लायियत में मैंने,
गुस्ताखी क्या कर दी,
तू क्यूँ दूर-दूर रहती,
ऐसी क्या बदमाशी कर दी,

....

वक्त भुला देता है गम को,
पर पल को न भुला पाता,
जब भी तन्हा-सा लम हो,
वो पल पल-पल याद आता,

....

निगाहों से गर क़त्ल किया,
तो फरियाद कैसे करेंगे,
आहों से जो क़त्ल किया,
मेरी जान आहें कैसे भरेंगे,

....

हर घडी यूँ, वक्त को देखता रहा,
वो न आये, वक्त यूँ काटता रहा,
आज क्या बात हुयी, न उनके आने की,
जाने क्या वजह हुयी, उनके न आने की,

……….

चाँद से क्यूँ पूछते हो,
चिरागों को क्यूँ जलने दें,
रौशनी तेरी है बहुत,
बैरागों को क्यूँ मचलने दें,

……….

इतनी उदास बैठी हो,
क्या कोई गम सता रहा है,
थोडा-तो मुस्करा दो,
क्या कोई साथ न दे रहा है,

……….

अब तो दिल बैठा जाता है,
तेरे बिना न रहा जाता है,
तू जल्दी से चली आ रे,
नहीं तो रुखसत हुआ रे,

……….

बद्‌खुलूसवार,
हुकुम सुना तो दिया,
तामीर करे न करे,
ये बता तो दिया,

....

अह्सासे-हुज़ुरियत का इन्तखाब,
बज्में खायियत की जिन्दगी न थी,
उस रूह न निकली हर नज़्म,
तेरी नजरियत की जिन्दगी न थी,

....

इन मह्ताबों से,
मरकजों की खातिर,
इन फब्तीनों से,
नज़रनूरों की खातिर,

....

रूह तो कब की चली गयी,
जिस्म अभी पड़ा है,
न टटोल उसे इस तरह,
क्यों अभी खड़ा है,

....

यूँ जिस्म को, छोड़ते हुए,
किसी की रूह को देखा है,
झटका-सा लगते हुए,
रोमा-रोमा कांपते देखा है,

....

ये मोहब्बत है की फ़ना हो जाती है,
इज्जत की खातिर,
न सोचती न समझती है, मर जाती है,
लाज की खातिर,

....

कशमकश की जिन्दगी में,
इसकी सुनूँ की, उसकी सुनूँ,
दिल की दिल में रहने दूँ,
या सारे जहाँ से कह दूँ,

....

मजबूर दिल का क्या करें,
कदम अपने-आप उधर चलें,
रोकने से अब वो क्या रुकें,
सर-ए-कलम की परवाह न करें,

....

पलट गयी यूँ अपनी जबान से,
देखा न किसी किसी मकान से,
देखते रहे यूँ किसी की दुकान से,
कोई खनक तो टकराए कान से,

....

ये तू है या कोई और है,
तेरे चेहरे से टपकता नूर है,
किसी और का फातिबा लगाकर,
क्यों बहला रही है यूँ, फुसलाकर,

....

सुकून-ओ-हस्क की स्याही,
अब मिलती नहीं,
गम-ओ-फस्क,
कलम आसुओं में डुबाई सही,

....

मह्हबीबों से कह दो, न परेशान करें,
हम बैठे है, अपने यार के पहलू में,
खो गए सहलो-कदम, न इंतज़ार करें,
दिल एक हो गए, यार के प्यार में,

....

इस मेले में सब अपनी-अपनी चीजे बेचते हैं,
कोई हुनर बेचता है, कोई हुनरवाली बेचते हैं,
खरीददार बहुत घूम रहे, मज़े हैं सब ले रहे,
जिसके जेब में पैसे हैं, वो मेला अब देख रहे,

....

चड़ी हुई आखें,
कुछ कह रही हैं,
वो यहाँ नहीं,
किसी और मकाँ की खबर दे रही हैं,

....

नजरिया इंसान का, नज़र से नज़र आ जाता है,
वो कहे भी न, उसकी नज़र में नज़र आ जाता है,
नज़रों की बोली सीखी नहीं जाती,
नज़रों से नज़रें बस ताड़ लीं जाती,

....

शर्मों हया के इस ज़माने में,
इश्क का इज़हार न कर सकते हैं,
नज़रें सबकी हम पर गाड़ी हैं,
चाहकर भी न तुझसे मिल सकते हैं,

....

पैगाम भी चुपके से पढ़ लेते हैं,
सबकी नज़रों से बचके रो लेते हैं,
हुकूक-सा दिल में उठता है,
उसको किसी तरह संभाल लेते हैं,

....

न अब यूँ,
हुश्न छुपा तू,
दीदार तो करा दे,
मुखड़ा तो देखा दे,

....

कुछ राज़ अपनों से भी छुपाने होते हैं,
